हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 21 अप्रैल 2026

06 आदर्श यादव समाज विवाह समिति के 30 सामूहिक...



07 खबर का असर तो हुआ पर माफिया ने बदला...





## खबर संक्षेप

### बुधवार से होगी विमला देवी राय इंटर हाउस लीग क्रिकेट प्रतियोगिता



**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर सीनियर खिलाड़ी आदर्श राय और राय परिवार के तत्वाधान में बुधवार की सुबह से होने वाली विमला देवी स्मृति इंटर हाउस लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। इसके लिए मैदान पर ही आक्शन में शामिल प्रत्येक खिलाड़ियों पाइंट आधारित थी। इसमें प्रतियोगिता में सबसे अधिक 25 लाख पाइंट में युरेश भारती को टीम ने लिया है। इस मौके पर भाजपा नगर मंडल के अध्यक्ष सुदीप प्रजापति, मध्यप्रदेश युवा मोर्चा के सह मीडिया प्रभारी ऋषि सोनी आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। लीग प्रतियोगिता में चार टीम को चयन किया गया है। इसमें कृष्णा ब्लास्टर के आनर वीरेन्द्र वर्मा, अभिषेक परसाई है, इसके अलावा टीम के कप्तान उज्जवल पालीवाल, क्रिसेंट वारियर्स के आनर आशीष मेवाड़ा है और कप्तान विकास सास्ता, गणेश टायर के आनर दीपक तोमर और कप्तान आदित्य अग्रवाल, इंटीग्रिटी सॉल्यूशन टीम के आनर हितेश केसरिया और कप्तान विपिन वर्मा को शामिल किया गया है। डीसीए के मीडिया प्रभारी रियांशु दीक्षित ने बताया कि प्रमोद पटेल क्रिकेट अकादमी के द्वारा मैदान पर होने वाली 15 दिवसीय यह लीग प्रतियोगिता में प्रत्येक मैच 50-50 ओवर के होंगे और प्रत्येक टीम छह-छह मैच खेलेगी। बुधवार को पहला मैच गणेश टायर और इंटीग्रिटी सॉल्यूशन के मध्य खेला जाएगा।

### 200 जोड़ों के परिणय सूत्र में बंधने का साक्षी बना

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह सम्मेलन में बदइंतजामी गर्मी में पानी, शौचालय और छांव को तरसे लोग

### डस्टबिन तक नहीं, टैंकर का गर्म पानी पीने को मजबूर मेहमान, जमीन पर लेटते दिखे लोग, जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में अव्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के तहत रविवार, 19 अप्रैल को जनपद पंचायत भैरूंदा नगर के दशहरा मैदान पर आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन एक ओर जहां 200 जोड़ों के परिणय सूत्र में बंधने का साक्षी बना, वहीं दूसरी ओर अव्यवस्थाओं और प्रशासनिक लापरवाही की तस्वीरें भी खुलकर सामने आईं। हजारों की संख्या में पहुंचे परिजन और मेहमान मूलभूत सुविधाओं के लिए घंटों परेशान होते नजर आए।

दूर-दराज से आए वर-वधु और उनके परिजन दोपहर 4 बजे से ही आयोजन स्थल पर पहुंचने लगे थे, लेकिन उन्हें न तो पर्याप्त छांव मिल सकी और न ही बैठने या ठहरने की समुचित व्यवस्था। भीषण गर्मी के बीच लोग खुले मैदान में इधर-उधर भटकते रहे। कई बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे थकान से चूर होकर जमीन पर ही लेटते दिखे।

पेयजल व्यवस्था सबसे ज्यादा चरमराई नजर आई। आयोजन स्थल पर पानी की केन तो रखी गई थीं, लेकिन उनमें टैंकर का गर्म पानी भरा हुआ था। प्यास से बेहाल लोग मजबूरी में वहीं पानी पीने को विवश रहे। कुछ लोग हैंडपंप तक जाकर पानी पीते नजर आए। गर्मी के इस दौर में ठंडे पानी की व्यवस्था न होना प्रशासनिक तैयारियों पर सवाल खड़े करता है। स्वच्छता के मोर्चे पर भी स्थिति बेहद खराब रही। हजारों लोगों की भीड़ के बावजूद कचरा प्रबंधन के कोई इंतजाम नहीं किए गए। आयोजन स्थल पर डस्टबिन तक नहीं रखे गए, भोजन के पैकेट मिले लोगों ने भोजन करने के बाद कचरा वहीं डाल दिया गया, जिससे चारों ओर गंदगी फैली रही। लोग कचरे के बीच ही बैठने और आराम करने को मजबूर दिखे। एक ओर प्रशासन स्वच्छता अभियान को लेकर जागरूकता का दावा करता है, वहीं इतने बड़े आयोजन में इसकी अनदेखी चिंताजनक रही।

शौचालय व्यवस्था भी नाकाफी साबित हुई। पूरे कार्यक्रम में केवल एक शौचालय वाहन उपलब्ध कराया गया, जो हजारों लोगों के लिए अपर्याप्त रहा। महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को शौच के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा, जिससे उन्हें काफी असुविधा का सामना करना पड़ा। कई लोगों ने खुले में जाने की मजबूरी भी जताई। बारिश और धूप से बचाव के नाम पर भी केवल औपचारिकता निभाई गई। टेंट लगाने के बजाय सिर्फ पाइप खड़े कर दिए गए, जिससे आयोजन स्थल पर पर्याप्त छाया की व्यवस्था नहीं हो सकी।

वहीं ठहरने की कोई सुविधा न होने के कारण लोग खुले आसमान के नीचे ही समय बिताने को मजबूर रहे। धार्मिक व्यवस्थाओं में भी खामियां सामने आईं। पूजन सामग्री पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं थी और विवाह में उपयोग होने वाला पारंपरिक मानक खंभ भी निर्धारित स्वरूप में नहीं दिखा। इसको लेकर कई परिजनों ने नाराजगी जताई और आयोजन की गुणवत्ता पर सवाल उठाए।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक रमाकांत भार्गव, युवा नेता कार्तिकेय सिंह चौहान सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। मंच से संबोधन के बाद कार्यक्रम औपचारिक रूप से संपन्न हुआ, लेकिन व्यवस्थाओं की खामियों पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। कार्यक्रम समाप्त होते ही अधिकांश जनप्रतिनिधि और अधिकारी स्थल से रवाना हो गए, जिसके बाद व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी केवल सीमित पुलिस बल पर छोड़ दी गई।



**भैरुंदा।** टैंकर से केन में पानी भरते हुए, ठंडे पानी की जगह दिनभर तपती धूप का गर्म पानी पिलाते हुए।



**भैरुंदा।** कचरे के बीच जमीन पर बिछात कर थकान दूर की, स्वच्छता की खुलेआम हुई अवहेलना



**भैरुंदा।** भीषण गर्मी में हैडपंप से ठंडे पानी से अपनी प्यास बुझाने के लिए बोतल में पानी भरते हुए लोग



**भैरुंदा।** वर-वधु के साथ दूरदराज़ से आए रिश्तेदार जमीन पर बिछात की ओर खुले आसमान में नीचे ही सोते दिखाई दिए।

## अक्षय तृतीया पर नाबालिग बालिका का विवाह रुकवाया, 17 वर्षीय लड़की की शादी पर प्रशासन की कार्रवाई

**सीहोर।** जिले में बाल विवाह की रोकथाम के लिए सक्रिय निगरानी और त्वरित कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्व अमले और ग्राम सरपंच की संयुक्त टीम ने ग्राम दिवड़िया में एक नाबालिग बालिका का विवाह रुकवाया। यह कार्रवाई अक्षय तृतीया (आखातीज) के अवसर पर की गई, जिससे बालिका का भविष्य सुरक्षित हो सका।



जानकारी के अनुसार, सीहोर जिले के ग्राम दिवड़िया में आज (20 अप्रैल) अक्षय तृतीया के दिन एक बाल विवाह होने की सूचना मिली थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग, पटवारी, सरपंच और ग्राम कोटवार की एक टीम तत्काल मौके पर पहुंची। जांच में पाया गया कि 21 वर्षीय युवक का विवाह 17 वर्षीय बालिका के साथ तय किया गया था, जो बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत अवैध है। टीम ने मौके पर ही वर और वधू पक्ष के परिजनों को बाल विवाह निषेध अधिनियम के प्रावधानों से अवगत कराया। उन्हें स्पष्ट किया गया कि 18 वर्ष से कम आयु की बालिका का विवाह कराना एक दंडनीय अपराध है। टीम ने बालिका के स्वास्थ्य, शिक्षा और उसके भविष्य पर बाल विवाह के दुष्प्रभावों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। टीम की समझाइश और संवेदनशील पहल का सकारात्मक परिणाम सामने आया। दोनों पक्षों ने सहमति व्यक्त करते हुए बालिका की 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक विवाह को स्थगित करने का निर्णय लिया। इस प्रकार, एक संभावित बाल विवाह को सफलतापूर्वक रोका गया। कार्रवाई के दौरान ग्राम सरपंच, पटवारी, ग्राम कोटवार, विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन के दीपक राठौर, महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक प्रीति मेहरा तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ जागरूकता का संदेश दिया।

## शंखनाद के साथ हुई भगवान परशुरामजी की महाआरती



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सोमवार को सर्व ब्राम्हण समाज के तत्वाधान में जगत पालक भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान शिव शक्ति के परम शिष्य चिरंजीवी भगवान परशुरामजी का जन्मोत्सव श्रद्धा, विश्वास, उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया।

मिडिया प्रभारी पंडित सुनील शर्मा व प्रियांशु दीक्षित ने बताया की खजांची लाइन स्थित ब्राह्मण समाज धर्मशाला में सोमवार को सुबह आचार्य गण पंडित अनिल पाराशर व पंडित पवन व्यास के द्वारा वेद मंत्र उच्चारित कर सुबह 8 बजे से शिव परिवार, वेद माता गायत्री और भगवान परशुरामजी की पूजा अर्चना व अभिषेक प्रारंभ किया गया और शंखनाद के साथ डमरू, घंटी, ढोल नगाड़े के साथ महाआरती की गई और गगन भेदी भगवान परशुराम के जयकारे लगाए गए। ब्राह्मण समाज अध्यक्ष पं. दीपक शर्मा ,धर्मशाला अध्यक्ष पं. मनोहर शर्मा,चल समारोह अध्यक्ष पं. राजेश मोहन शर्मा,कार्यकारी अध्यक्ष पं. सुदीप व्यास,ग्रामीण अध्यक्ष पं. महेश दुबे, महिला मंडल अध्यक्ष नीलम शर्मा, महामंत्री पं. रमाकांत समाधिया, युवा संघठन अध्यक्ष पं. रजत व्यास,चल समारोह युवा अध्यक्ष पं. तनिश त्यागी, रुपेश तिवारी,महिला मंडल अध्यक्ष उमा शुक्ला, चल समारोह महिला उपाध्यक्ष शिल्पी तिवारी, सहित अनेक विप्र बंधुओ ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपनी सहभागिता प्रदान की। इस अवसर पर भगवान परशुरामजी के जीवन से जुड़ी हुई अनेक दुर्लभ जानकारी का विश्लेषण पंडित दुर्गा प्रसाद कटारे व पंडित मोहित रामजी पाठक के द्वारा संस्कृत श्लोक के माध्यम से बतलाया गया और अक्षय तृतीया पर किए जाने वाले धार्मिक क्रियाकलापों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई।

### आक्रोशित बजरंगियों ने लेंसकार्ट शोरूम बंद कराया, भागे कर्मचारी

# लेंसकार्ट शोरूम पर बजरंग दल-विहिप का प्रदर्शन तिलक-कलावा पर पाबंदी पर बंद कराया आउटलेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय के भोपाल नाका स्थित प्रसिद्ध आईवियर ब्रांड 'लेंसकार्ट' के शोरूम पर सोमवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने उग्र प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने कंपनी पर हिंदू धर्म के प्रतीकों जैसे माथे पर तिलकए बिंदी और हाथों में कलावा पहनने पर प्रतिबंध लगाने का गंभीर आरोप लगाया है। भारी हंगामे और नारेबाजी के बीच शोरूम के कर्मचारी वहां से भाग निकले, जिसके बाद संगठन के पदाधिकारियों ने शोरूम को अनिश्चितकाल के लिए बंद करा दिया।




बता दें बजरंग दल के जिला पदाधिकारियों का दावा है कि लेंसकार्ट कंपनी ने हाल ही में अपने देशव्यापी कर्मचारियों के लिए एक नया ड्रेस कोड सर्कुलर जारी किया है। इस सर्कुलर में कथित तौर पर हिंदू कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान माथे पर तिलक और बिंदी लगाकर आने से मना किया गया है। साथ ही कलाई पर बंधने वाले धार्मिक कलावा, तुलसी की माला और रुद्राक्ष पहनने पर भी सख्त पाबंदी लगाई गई है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह न केवल कर्मचारियों के व्यक्तिगत अधिकारों का हनन है, बल्कि सीधे तौर पर हिंदू संस्कृति और आस्था पर प्रहार है। विहिप नेताओं ने आरोप लगाया कि एक तरफ तिलक-कलावा पर रोक है तो वहीं दूसरी ओर विशेष समुदाय के कर्मचारियों को हिजाब और टोपी लगाने की पूरी छूट दी गई है।

### लेंसकार्ट मालिक पीयूष बंसल से माफी की मांग

प्रदर्शन के दौरान बजरंग दल और विहिप के कार्यकर्ताओं ने कंपनी के संस्थापक पीयूष बंसल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। संगठन के नेताओं का कहना है कि कंपनी की यह नीति भेदभावपूर्ण है।

उनकी मांग है कि कंपनी प्रबंधन तत्काल इस विवादित सर्कुलर को वापस ले। कंपनी के मालिक पीयूष बंसल इस कृत्य के लिए सार्वजनिक रूप से हिंदू समाज से माफी मांगें। कर्मचारियों को अपनी धार्मिक मान्यताओं के पालन की पूरी स्वतंत्रता दी जाए।

**अनिश्चितकालीन बंदी की चेतावनी :** बजरंग दल जिला संयोजक प्रभात मेवाड़ा ने कहा कि जब तक कंपनी सार्वजनिक रूप से अपनी गलती स्वीकार नहीं करती, तब तक सीहोर स्थित यह शोरूम नहीं खुलने दिया जाएगा।

उन्होंने दो टूक कहा तिलक और कलावा हमारी पहचान है और जो कंपनी हमारी पहचान का सम्मान नहीं कर सकती उसका व्यापार सीहोर की धरती पर नहीं चलने दिया जाएगा।

### प्रदर्शन में ये रहे मौजूद

इस विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से बजरंग दल जिला संयोजक प्रभात मेवाड़ा, बलउपासना प्रमुख अन्नू चौहान, विहिप धर्म प्रचार प्रसार प्रमुख जगदीश कुशवाहार प्रखंड अध्यक्ष परमवीर संधु, मंत्री यज्ञेश, संयोजक समीर राय, गौ रक्षक सतीश सेन, अभिषेक, अर्चक पुरोहित सुशील उपाध्याय, ललितए गौरव, आकाश, मोनू, प्रतीक, सत्यम, राजा, दीप सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### कर्मचारियों में मची अफरा-तफरी

सोमवार दोपहर को जैसे ही कार्यकर्ताओं का समूह जय श्रीराम के नारों के साथ शोरूम पहुंचा, वहां मौजूद कर्मचारियों में हडक्रंप मच गया। प्रदर्शन को भांपते हुए शोरूम के कर्मचारी काम छोड़कर मौके से भाग निकले।

## बुधनी खिलौना क्लस्टर का भारतीय विदेश सेवा अधिकारियों ने किया भ्रमण

**सीहोर।** भारतीय विदेश सेवा (IFS) के अधिकारियों के एक दल ने बुधनी स्थित खिलौना क्लस्टर का भ्रमण किया। इस दौरान अधिकारियों ने स्थानीय खिलौना कारीगरों से सीधे संवाद कर पारंपरिक खिलौना निर्माण की विधियों, उपयोग में आने वाले कच्चे माल तथा व्यापारिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।



अधिकारियों ने कारीगरों द्वारा बनाए जा रहे हस्तनिर्मित खिलौनों की गुणवत्ता, डिजाइन और बाजार संभावनाओं का अवलोकन किया तथा इस परंपरागत कला के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति विशेष रुचि दिखाई। उन्होंने कारीगरों से उनके अनुभव, चुनौतियों और बाजार विस्तार से जुड़े पहलुओं पर भी चर्चा की।

भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीण विकास से संबंधित विभिन्न गतिविधियों तथा प्रशासनिक कार्यप्रणाली की भी जानकारी ली। इस अवसर पर जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र से प्रबंधक संदीप उईके एवं हरीश शीठा, प्रभारी प्रबंधक, हस्तशिल्प विकास निगम सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

### मास्टर क्लब ने यंग स्टार को 38 रन से हराया

**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर स्व.श्रीराजमल मेवाड़ा पूर्व विधायक की स्मृति में खेली जा रही कारपोरेट क्रिकेट प्रतियोगिता में रविवार को एक रोमांचक मुकाबले में मास्टर क्लब ने यंग स्टार को 38 रन से हराकर प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस मौके पर डीसीए की ओर से सचिव अतुल तिवारी, वीरु वर्मा, आयोजन समिति की ओर से चेतन मेवाड़ा, अतुल कुशवाहा आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। रविवार को पहले मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी मास्टर क्लब ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट खोकर 207 रन बनाए थे। इसमें रनवीर 61 रन और राजीव खरे ने 39 रन के साथ शानदार शुरूआत की, इसके अलावा कपिल 33 रन, राहुल वर्मा 14 रन, रोहित-वाकर आलम ने 12-12 रन और जीवन बाथम ने 11 रन बनाए थे। इधर यंग स्टार की ओर से गेंदबाजी करते हुए छोटू खान-शाहिद ने दो-दो विकेट, नदीम पटेल, नीरज मेहरा, विजय कुमार ने एक-एक विकेट हासिल किए।

### 26 को सीहोर जिला जेल में आयोजित होगी विशेष जेल लोक अदालत

**सीहोर।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष संजीव कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार 26 अप्रैल को सीहोर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सीहोर स्थित जिला जेल में विशेष जेल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव स्वप्नश्री सिंह ने बताया कि जेल लोक अदालत में रखे जाने के लिए न्यायालय के समक्ष बंदियों के लंबित छोटे अपराधो, समझौता योग्य प्रकरण, प्ली बारगेनिंग योग्य प्रकरण और अन्य उपयुक्त आपराधिक प्रकरणों सहित योग्य प्रकरणों की पहचान पहले से कर सूचना पत्र जारी किये जा रहे है एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सीहोर की खंडपीठ द्वारा जेल परिसर में ही बैठक कर इन प्रकरणों की सुनवाई एवं निराकरण जेल लोक अदालत के माध्यम से किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर द्वारा सभी से आव्हान किया गया है कि अधिक से अधिक संख्या में बंदियों के प्रकरणों का निराकरण कर जेल लोक अदालत को सफल बनाएं।

### गोविंद गोयल ने पत्रकार आशीष गुप्ता के निवास पहुंचकर दी श्रद्धांजलि

**सीहोर।** राजधानी के वरिष्ठ व्यापारी नेता एवं भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष गोविंद गोयल सोमवार को पत्रकार आशीष गुप्ता के निवास पर पहुंचे। उन्होंने आशीष गुप्ता के पिता के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने दिवंगत के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। गोयल ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिजनों को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। इस अवसर धर्मेंद्र यादव, एआर शेख मुंशी, गोविंद शर्मा, आयुष गुप्ता, मनोज दीक्षित मामा आदि ने गुप्ता को पुष्पांजलि अर्पित की।

नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने की धर्मशाला बनाने की घोषणा

# आदर्श यादव समाज विवाह समिति के 30 सामूहिक विवाह बड़ी ग्वालटोली में संपन्न

वरिष्ठ नेता गोविन्द गोयल ने तेरह हजार रुपए व क्षेत्रीय पार्षद विवाह समिति अध्यक्ष घनश्याम यादव ने इक्कावन हजार रुपए की विवाह सम्मेलन में नकद राशि भेंट की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





आदर्श यादव समाज विवाह समिति 30 वाँ साहिक विवाह सम्मेलन बड़ी ग्वालटोली गंज में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में अनेकों दानदाताओं द्वारा बड़ चडक़र हिस्सा लिया जिनमें नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर द्वारा यादव समाज की धर्मशाला बनाये जाने की घोषणा की।

भोपाल से पधारे म.प्र.कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गोविन्द गोयल ने तेरह हजार रूपये व क्षेत्रीय पार्षद विवाह समिति अध्यक्ष घनश्याम यादव ने इक्कावन हजार रुपए की विवाह सम्मेलन में नकद राशि भेट की। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता गोविन्द गोयल भोपाल, नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर, सीहोर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती, नपा प्रतिपक्ष नेता पार्षद विवेक राठौर, सेवादल कांग्रेस अध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले जाटव दलित चिंतक, डॉ.गगन नामदेव विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। नगर पुरोहित पृथ्वी वल्लभ दुबे द्वारा सामूहिक विवाह कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। अतिथियों का स्वागत समिति अध्यक्ष घनश्याम यादव द्वारा किया गया। साथ ही यादव समाज धर्मशाला को दान में डेड़ एकड़ भूमि देने पर कृषक मदनलाल का भी शॉल श्रीफल से सम्मान किया गया।सामहिक विवाह सम्मेलन में वर-वधु क्रमशः कपिल सूरा-अंजली पड़रिया, गौरव कोकनन्दे-वन्दना पड़रिया, चन्दन राह-दीपिका हिनवार, राकेश सागर-शिवानी पड़रिया, करण वानिया-शिवानी हिनवार, रोहित पाल-अनिता थम्मार, निखिल शफा-पूजा दवेले, रोहिन सतोकिया-तनु दुबेन, कपिल सुरा-अंजली रियार, हेमन्त दुबेले-कशिश हांस, गौरव पडरिया-अंजली-हिन्नवार, संतोष कोकनन्दे-चन्दा हिन्नवार, धर्मेन्द्र रियार-शालू थम्मार आदि वर-वधु का विवाह सम्पन्न कराया गया।

उक्त वर-वधू सीहोर, शुजालपुर, नर्मदापुरम, नलखेड़ा, आगर, भोपाल, मंदसौर, इन्दौर, बुधनी से जोड़े पधारे थे। इस अवसर पर विवाह समिति अध्यक्ष घनश्याम यादव, छोटेलाल चौधरी मुखिया, प्रधुमन पटेल, प्रहलाद यादव, श्रीराम यादव, रमशे यादव, अमरसिंह महान, औंकार दिवान, डॉ.नन्दलाल यादव, नरेश यादव, श्रवण यादव, दुलारे यादव, नारायण यादव, नीरज यादव, राजु यादव, समिति के अनेकों पदाधिकारी जिन्होने रात-दिन मेहनत कर कार्यक्रम को सफल बनाया आदि उपस्थित रहे।

# मंडी में समर्थन मूल्य पर चना खरीदी शुरू ऑनलाइन प्रक्रिया से किया जाएगा भुगतान





**भैरूंदा।** कृषि उपज मंडी प्रांगण भैरूंदा में सोमवार से भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ (एनसीसीएफ) के माध्यम से समर्थन मूल्य पर चना खरीदी का शुभारंभ हो गया। मंडी प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण करने के बाद खरीदी केंद्र का शुभारंभ राजेश पंवार, प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा (मध्यप्रदेश) द्वारा किया गया।

यह खरीदी प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान योजना के तहत की जा रही है, जिसके अंतर्गत दलहन फसलों की खरीदी समर्थन मूल्य पर सुनिश्चित की जाती है। मंडी में चने की खरीदी 5875 रुपये प्रति क्विंटल के निर्धारित समर्थन मूल्य पर की जा रही है, जिससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके। एनसीसीएफ भोपाल शाखा द्वारा 6 अप्रैल को मंडी समिति भैरूंदा को पत्र लिखकर खरीदी केंद्र स्थापित करने एवं किसान पंजीयन के लिए स्थान उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था। इसके बाद मंडी प्रशासन ने पंजीयन काउंटर, तुलाई के लिए शेड सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर खरीदी कार्य प्रारंभ कराया। खरीदी प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल बनाया गया है।

किसानों के दस्तावेजों और उपज का रिकॉर्ड डिजिटल स्कैनर के माध्यम से तत्काल दर्ज किया जा रहा है। खरीदी के बाद भुगतान सीधे किसानों के बैंक खातों में ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा, जिससे पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित हो सके। हयात फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड (एफपीओ) को खरीदी संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संस्था के मुख्य कार्यपालन अधिकारी इकबाल खान ने बताया कि खरीदी कार्य सुचारू रूप से शुरू हो चुका है और किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी इंतजाम किए गए हैं।

उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे अपनी उपज साफ और सूखी अवस्था में लाएं तथा आवश्यक दस्तावेज साथ रखें। शुभारंभ अवसर पर महेश खण्डेलवाल (वरिष्ठ भाजपा नेता), उमेद सिंह धुर्वे, विकास पंवार (डायरेक्टर), मनोहर मीणा (खात्याखेड़ी), किसान हरिनारायण शर्मा, मोहम्मद तारिक, हरि सिंह पंवार सहित हयात एफपीओ के अधिकारी एवं मंडी स्टॉफ मौजूद रहे।

### श्री सत्य साई यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मेडिकल साइंसेज-विश्व पृथ्वी दिवस 2026 का आयोजन

**सीहोर।** श्री सत्य साई यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मेडिकल साइंसेज, सीहोर के तत्वावधान में एवं मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल के सहयोग से विश्व पृथ्वी दिवस 2026 का आयोजन आगामी 24 अप्रैल तक विश्वविद्यालय परिसर में किया जाएगा।




यह कार्यक्रम कुलपति प्रो. डॉ. मुकेश तिवारी के मार्गदर्शन, कुलसचिव राजेश शर्मा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. संजय राठौर के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष की थीम हमारी शक्ति, हमारा ग्रह है, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं सतत विकास को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें प्रमुख हैं। विशेष व्याख्यान, क्विज प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर/ड्राइंग प्रतियोगिता, प्लास्टिक मुक्त जागरूकता कार्यक्रम, कचरा पृथक्करण एवं पुनर्चक्रण गतिविधि, ग्रीन शपथ समारोह, जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक, वृक्षारोपण एवं जल संरक्षण गतिविधियां। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. रंजीत कुमार पुसे एवं सह-समन्वयक डॉ. गीता खुबचंदानी, अंकित नवगीत जोशी तथा देश दीपक श्रीवास हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों, विद्यार्थियों एवं नागरिकों से इस आयोजन में सक्रिय सहभागिता की अपील की गई है, ताकि पर्यावरण संरक्षण के इस महाअभियान को सफल बनाया जा सके।

### बीएमएस के बैनर तले आउट सोर्स कर्मचारी आज देंगे ज्ञापन

सीहोर। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिले भर के आउटसोर्स कर्मचारी भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन कलेक्टर को सौंपेगे। भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री विनीत दुबे ने बताया कि जिले भर के विभिन्न शासकीय कार्यालयों एवं निजी संस्थाओं में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारी लंबे अर्से से न्यूनतम वेतन और सुविधाओं के अभाव में काम करने को मजबूर हैं। कर्मचारियों की मांगों को लेकर 21 अप्रैल मंगलवार को शाम 4 बजे जिले भर के कर्मचारी एकत्रित होकर कलेक्ट्रेट पहुंचेगे और मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन देंगे। ज्ञापन में मुख्य रूप से मांग की गई है कि आउटसोर्स कर्मचारियों को उनके हक दिए जाएं। आउटसोर्स कर्मचारियों को नियमित करने, वेतनमान, भत्तों, सुरक्षा और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएं। इस दौरान जिले के ऊर्जा, स्वास्थ्य, शिक्षा, नगर पालिका, पंचायत, कृषि मंडी, वेयरहाउस, आंगनवाड़ी, आशा, रसोइया एवं सभी ठेका व आउटसोर्स कर्मचारी शामिल होगे। भारतीय मजदूर संघ ने सभी आउटसोर्स कर्मचारियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### राज्य स्तरीय नारी सशक्तीकरण सम्मेलन में कॉलेजों ने की सहभागिता

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार भोपाल स्थित एमवीएम ग्राउंड पर "राज्य स्तरीय नारी सशक्तीकरण सम्मेलन" आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में सीहोर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, बुधनी के शासकीय कन्या महाविद्यालय, आष्टा के शासकीय महाविद्यालय और जावर शासकीय महाविद्यालय की महिला कर्मचारी एवं प्राध्यापकों ने सहभागिता की।

इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता, सामाजिक सहभागिता तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में महिलाओं को उनके अधिकारों एवं अवसरों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने नारी सशक्तीकरण को बढ़ावा देने एवं समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

# नागरिकों ने छावनी श्मशान में साफ सफाई कर पूरा किया सेवा संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नागरिकों ने रविवार को छावनी शमशान पहुंचकर वॉर्ड नंबर 19 के पार्षद के सेवा संकल्प को पूरा किया। नागरिकजनों ने छावनी शमशान की हर कोने में पहुंचकर झाड़ू लगाकर साफ सफाई की पूर्व पेड़ पौधों में बरसों से जमीन जहां कहां पहले पत्तों को साफ किया। शमशान क्षेत्र के अंदर मौजूद रुके हुए पानी को निकालने के लिए नलियों में भी फवड़ा चलाया और मलबे को बाहर निकाला। भीषण गर्मी के कारण सूख रहे पौधों को पानी दिया। नागरिकों ने सेवा कार्य करने का बहाना पार्षद नरेंद्र राजपूत के जन्मदिवस को बना लिया। नरेंद्र ने भी नागरिकों की भावनाओं का ध्यान रखा और छावनी शमशान घाट पर स्वच्छता अभियान चलाकर सफ़ाई मैं सहयोग किया।पार्षद राजपूत का कहना है था कि स्वच्छता अभियान चलाकर एवं पर्यावरण को बचाए रखने के लिए पौधा रोपण एवं संरक्षण, गर्मियों में पशु, पक्षियों के लिए भोजन पानी की व्यवस्था, किसी जरूरतमंदों की सेवा करना चाहिए, जिससे समाज में एक सकारात्मक और सेवा भावी संदेश जाता हैं । छावनी शमशान पहुंचकर नरेंद्र राजपूत के साथ राजेश तिवारी, जितेंद्र चौरे, दिनेश कटारे, विजेंद्र जायसवाल, ववित यादव, राजेंद्र नगर, राजेश परिहार, भारत सोनी, सुदेश सोनी, दिनेश शर्मा, राजेश गुप्ता, कमलेश अग्रवाल, विनोद माहेश्वरी, आशीष पचौरी, शुभम राठौड़, वीरेंद्र किरार, प्रवेश राठौर, नीलेश राठौर, गणेश यादव, कपिल शर्मा, घनश्याम सेन, देवेश अग्रवाल, अमित जोशी, प्रदीप साहू, हिमांशु चौरसिया, आशुतोष दुबे, अजय पाल पार्षद, लक्ष्मी नारायण आहूजा, जितेंद्र कुशवाह, देवेंद्र आर्य, पवन शर्मा,कपिल जैन, पुनीत सोलंकी, डॉक्टर सतीश वर्मा, महेश पारीक, कीर्ति श्रीवास्तव आदि लोगों ने सेवा कार्य किया।

यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु जनों का आना-जाना लगा रहता

# अक्षय तृतीया पर त्यागी बाबा का 133 वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



अक्षय तृतीया पर प्रसिद्ध ब्रहमलीन संत श्रीश्री 1008 श्री त्यागी बाबा का 133 वां जन्मोत्सव श्रीरामकुटी आश्रम में उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मानस पाठ, सत्संग प्रवचन सहित कई कार्यक्रमों में पूरे जिले भर के श्रद्धालु भक्तों ने हिस्सा लिया और संत श्री का पुण्य स्मरण किया। संतश्री की प्रतिमा का विधिवत पूजन-अभिषेक कर नैवेद्य अर्पित किया गया। इस अवसर पर महाआरती एवं भण्डारे का भी आयोजन किया गया।

अक्षय तृतीया पर सीहोर रेलवे स्टेशन रोड पर स्थित प्रसिद्ध ब्रह्मलीन संत श्रीश्री 1008 श्री त्यागी बाबा का जन्मोत्सव हर वर्ष श्रद्धालु भक्तों द्वारा उत्साह के साथ मनाया जाता है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1893 में जन्मे संतश्री त्यागी बाबा ने पैदल ही अखंड भारतवर्ष में स्थित सभी तीर्थो का भ्रमण किया था और लगातार तीन सदी तक इस धरा पर रहकर भगवान के भजन के बल पर अनेक सिद्धियों की प्राप्ति की किन्तु कभी उनका प्रचार नहीं किया। 123 वर्षीय संतश्री जब तक रहे तब तक स्वयं के हाथों से रसोई बनाकर प्रसादी स्वयं भी पाते और भक्तजनों को भी पवाते थे। सीहोर और यहां के वासियों का सौभाग्य ही रहा कि ऐसे संतपुरूष ने यहां वास किया। इस वर्ष भी संतश्री के जन्मोत्सव पर श्री रामकुटी आश्रम पर अनेक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया इसमें प्रातः अभिषेक के पश्चात मानस पाठ का आयोजन किया गया, तत्पष्चात उनके कृपापात्र शिष्य मानस मर्मज्ञ सुप्रसिद्ध श्रीरामकथा वाचक श्रीश्री 1008 श्री उद्धवदास जी त्यागी महाराज के श्रीमुख से सत्संग प्रवचन का आयोजन हुआ। प्रवचन के पश्चात महाआरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दोपहर 12 बजे से भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की। उल्लेखनीय है कि संतश्री त्यागी बाबा के सीहोर सहित आसपास के जिलों में प्रभु सीताराम जी को ईष्ट रूप में स्वीकार करने वाले बडी संख्या में हैं। शहर के रेलवे स्टेशन रोड पर स्थित त्यागी बाबा आश्रम जिसे रामकुटी आश्रम के नाम से जाना जाता है यहां श्री सीताराम की मनमोहक प्रतिमाएं विराजमान है, आश्रम प्रांगण में श्री हनुमानजी, उमापति महादेव जी, मारकण्डेय महादेव की प्रतिमाएं मंदिर में विराजित हैं। आश्रम प्रांगण में एक कुंआ भी है जिसे संतश्री त्यागी बाबा ने अकेले ही श्रम करके निर्मित किया था। सीहोर में त्यागी बाबा आश्रम श्रद्धालुओं की एक चिरपरिचित स्थली है जहां जाने से ही तन-मन में परम शांति का अनुभव होता है। आश्रम के पवित्र वातावरण में अनेक बाल साधु भी हैं जो धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन एवं शिक्षा दीक्षा ग्रहण कर रहे हैं। प्रतिदिन यहां बडी संख्या में श्रद्धालु जनों का आना-जाना लगा रहता है। सुदूरवर्ती गांवों से भी भक्त संतश्री की समाधि का दर्शन करने आश्रम में आते हैं। आज भी संतश्री की समाधि से श्रद्धालुजनों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के आव्हान पर सिद्धपुर जिला सीहोर के विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के तत्वावधान में स्थानीय अटल चौक पर बजरंग दल द्वारा विकृत एवं राष्ट्रविरोधी मानसिकता के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए संगठन के जिला संयोजक प्रभात मेवाड़ा ने बताया कि ये घटनाएं राष्ट विरोधी और समाज-विरोधी मानसिकता को दर्शाती हैं, जिनमें राष्ट्रीय सुरक्षा, कथित धर्मांतरण, लव जिहाद, सामाजिक सुरक्षा एवं सांप्रदायिकता जैसे मुद्दे अहम हैं।

इस दौरान उपस्थित वक्ताओं ने पूरे देश में सख्त धर्मांतरण विरोधी कानून लागू किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। इसके साथ ही धर्मांतरण के आरोपों की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कठोर कार्रवाई, समाज में राष्ट्रविरोधी, लव जिहाद, लैंड जिहाद, थूक जिहाद, रोड जिहाद, ट्रेन जिहाद , वीर्य जिहाद, प्रसाद जिहाद, फूल जिहाद, फल जिहाद, कॉरपोरेट जिहाद, चूड़ी जिहाद, मेहंदी जिहाद गतिविधियों पर रोक का कानून लाने, धर्म और आंतरिक सुरक्षा जैसे संवेदनशील विषयों पर सख्त कानून लाने की मांग की गई। आयोजन को विधि प्रकोष्ठ के प्रांत संयोजक देवेंद्र सिंह रावत, सह संयोजक राकेश श्रीवास्तव, धर्मेंद्र अहिरवार,अजीत शुक्ला,आदि ने संबोधित किया। इस मौके पर संगठन के जिला अध्यक्ष रेवाशंकर जाट, जिला मंत्री राजेश गुप्ता, जिला संयोजक प्रभात मेवाड़ा,जिले के जगदीश कुशवाह,नीरज चोरसिया,महेश मेवाड़ा, सुरेश दांगी,आशीष सिसोदिया,रमा सिंह दीदी,प्रखंड अध्यक्ष परमवीर जाट, प्रखंड मंत्री यज्ञेश शैव, प्रखंड संयोजक समीर राय सहित बड़ी संख्या में जिला और प्रखंड समिति के पदाधिकारी और कार्यकर्ता सहित नागरिकगण उपस्थित रहे।

सुठालिया तहसील से महज 30 मिनट की दूरी पर लुट रही खनिज संपदा, जिम्मेदार झाड़ रहे अपना पल्ला


# खबर का असर तो हुआ पर माफिया ने बदला पैंतरा, दिन में 'कर्फ्यू', रात में पोकलेन का 'तांडव'

**खनिज अधिकारी ने फोन से बनाई दूरी, क्या विभाग की 'शरण' में फल-फूल रहा है रेत का काला कारोबार?**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिले में बहने वाली पार्वती नदी इन दिनों रेत माफियाओं के लिए 'सोने की खदान' बन गई है। शेखनपुर और सेमलापार के घाटों पर जिस तरह से मशीनों का जाल बिछाया गया है, उसने प्रशासन के उन दावों की पोल खोल दी है जिसमें 'जीरो टॉलरेंस' की बात कही जाती है। 'हरिभूमि' द्वारा पिछले सप्ताह इस मुद्दे को उठाए जाने के बाद माफियाओं ने कुछ घंटों के लिए काम तो रोका, लेकिन अब सूरज ढलते ही नदी के सीने पर पोकलेन मशीनों का शोर शुरू हो जाता है।

हैरानी की बात यह है कि सुठालिया तहसीलदार को मामले की पूरी जानकारी दी गई, लेकिन उनके कदम अब तक मौके तक नहीं पहुंचे। अधिकारियों की यह 'कछुआ चाल' ही माफियाओं के लिए 'ग्रीन सिग्नल' साबित हो रही है। राजस्व और खनिज विभाग के बीच तालमेल की कमी है या फिर जानबूझकर आंखें मूंदी जा रही हैं, यह अब चर्चा का विषय बन गया है।





### पत्थरों के पहाड़ और लहूलुहान नदी

रेत निकालने की सनक इस कदर हावी है कि माफियाओं ने नदी के प्राकृतिक स्वरूप को ही बिगाड़ दिया है। रेत छानने के बाद निकले पत्थरों को नदी के बीच में ही जमा कर पहाड़ बना दिए गए हैं। इससे न केवल जल प्रवाह प्रभावित होगा, बल्कि आने वाले मानसून में यह आसपास के गांवों के लिए तबाही का कारण बन सकता है।

### खनिज अधिकारी का फोन नहीं उठता

जब इस संबंध में खनिज अधिकारी मुकेश शेखरवार से संपर्क करने की कोशिश की गई, तो उनका फोन नहीं उठा। जिले के इतने महत्वपूर्ण पद पर बैठे अधिकारी का जनता और मीडिया के प्रति यह उदासीन रवैया बताता है कि विभाग अवैध खनन रोकने के प्रति कितना गंभीर है।

### करोड़ों की चपत, माफिया की मौज

- **रोजाना की चोरी:** अनुमान के मुताबिक, हर रात सैकड़ों डंपर रेत निकाली जा रही है।
- **रॉयल्टी का घाटा:** बिना किसी वैध कागज के हो रहे इस काम से सरकार को करोड़ों के राजस्व की चपत लग रही है।
- **मशीनों का खेल:** नियमानुसार नदी के भीतर पोकलेन मशीनों का प्रवेश वर्जित है, फिर भी यहाँ सरेआम खुदाई जारी है।

### हम देखते रह जाते हैं, वो रेत ले जाते हैं

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि रात भर चलने वाले भारी वाहनों के कारण ग्रामीण सड़कें धंस रही हैं। माफियाओं का खौफ इतना है कि कोई खुलकर बोलने को तैयार नहीं। प्रशासन की दूरी ने ग्रामीणों के विश्वास को भी तोड़ दिया है।

### एक 'छुट्टी' पर, दूसरे के पास 'गाड़ी' नहीं; आखिर कैसे रुकेगा अवैध कारोबार?

जिम्मेदार अधिकारी 23 तारीख तक छुट्टी का हवाला देकर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं, तो वहीं चार्ज संभाल रहे तहसीलदार रणधीर सिंह मीणा ने रात में जाने से साफ इंकार कर दिया है। तहसीलदार का तर्क है कि उनके पास वाहन की सुविधा नहीं है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब अधिकारी छुट्टी और संसाधनों के अभाव का गणित लगा रहे हैं, तब तक मौके पर क्या स्थिति बचेगी? इस मामले में जब संबंधित अधिकारी रामनिवास धाकड़ सुठालिया तहसीलदार से बात की गई तो उन्होंने कहा, ₹मैं अभी 23 तारीख तक छुट्टी पर हूँ और वर्तमान में प्रभार मीणा जी को सौंपा गया है। वापस लौटते ही पुलिस और खनिज विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुँचकर कार्रवाई की जाएगी।

### इनका कहना है

मेरे पास फिलहाल गाड़ी उपलब्ध नहीं है और रात के समय कार्रवाई के लिए जाना संभव नहीं है। फिर भी, पुलिस और खनिज विभाग के साथ समन्वय बनाकर जल्द ही एक्शन लिया जाएगा।

रणधीर सिंह मीणा, चार्ज प्रभारी सुठालिया

विहिप, बजरंग दल ने किया प्रदर्शन

# लव जिहाद के विरोध में फूंका जिहादी मानसिकता का पुतला



**लव जिहाद, लैंड जिहाद जैसे कृत्यों पर विहिप, बजरंग दल की आवाज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

संपूर्ण भारत में एक विशेष समुदाय के लोगों द्वारा अंजाम दिए जा रहे लव जिहाद, लैंड जिहाद जैसे कृत्यों पर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल की जिला इकाई सामने आई है। उक्त मामलों को देश की अखंडता पर करारा प्रहार बताते हुए संगठन पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

इससे पूर्व नगर के खिलचीपुर नाका स्थित शिवाजी चौराहे पर विहिप एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जिहादी मानसिकता पर लगाम कसने काफी समय तक प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान शिवाजी चौराहे पर संगठन द्वारा कथित जिहादी मानसिकता के विरोध में प्रतीकात्मक पुतला दहन भी किया गया। इसके पश्चात प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।

सभा को संबोधित करते हुए प्रांत के सह प्रचार-प्रसार प्रमुख कपिल शर्मा ने कहा कि बड़ी संख्या में महिलाओं और युवतियों को प्रलोभन देकर धर्मांतरण के प्रयास किए जा रहे हैं।

### मातृ-शक्तियों के लिए बड़ा खतरा

संगठन के पदाधिकारियों ने यह भी कहा देश की बच्चियों और मातृ-शक्तियों के लिए ऐसी मानसिकता वाले लोग एक बहुत बड़ा खतरा हैं। पूरे देश में अब तक ऐसे अनेकों मामले सामने आ चुके हैं जिनसे साबित हो चुका है कि लव-जिहाद के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर से फंडिंग हो रही है। इस अवसर पर विभाग मंत्री अशोक गुप्ता, विभाग संयोजक राजू मीणा, सहसंयोजक आशीष मेवाड़, जिला अध्यक्ष तेजेंद्र उपाध्याय, जिला संयोजक सोनू शर्मा, जिला मंत्री मयंक जायसवाल, जिला प्रचार-प्रसार प्रमुख लखन गुर्जर, बाल उपासना प्रमुख चेतराम गुर्जर, महिला उपाध्यक्ष ममता रानोलिया, चंदन महेश सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

ट्रांसफार्मर के नीचे लगी आग

# हादसा टला: सड़क निर्माण के दौरान बिजली लाइन पर अचानक गिरा पेड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनवास

दूधिया दीवान दूधिया दीवान से लखनवास के बीच चल रहे नई सड़क निर्माण कार्य के दौरान रविवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते बचा। लापरवाही की स्थिति तब बनी जब संवासी के पास चालू विद्युत लाइन के बीच मशीन से पेड़ गिराए जा रहे थे।

### क्या है पूरा मामला?

रविवार सुबह करीब 10:00 बजे, दूधिया दीवान से लखनवास मार्ग पर सड़क चौड़ीकरण का काम चल रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,



संवासी के पास बिना रास्ता बंद किए और बिना बिजली की सप्लाई काटे (चालू लाइट में), पोकलैंड मशीन से पेड़ों को गिराने का काम किया जा रहा था। इसी दौरान एक भारी-भरकम लिपट्स का पेड़ सीधे हाई वोल्टेज बिजली के तारों पर जा गिरा।

### मची अफरा-तफरी, ट्रांसफार्मर के नीचे लगी आग

पेड़ तार पर गिरते ही जोरदार धमाका हुआ और पास ही स्थित बिजली के ट्रांसफार्मर में भीषण स्पार्किंग होने लगी। देखते ही देखते ट्रांसफार्मर के निचे आग लग गई। गनीमत यह रही कि उस वक्त पेड़ जब ट्रांसफार्मर पर गिरा तब तार नहीं टूटा वाहन रोड पर ओर मोटरसाइकिल सवार बड़ी लाइट के तार के नीचे ही खड़े थे अन्यथा जान-माल का बड़ा नुकसान हो सकता था। हादसे के बाद मौके पर भगदड़ जैसी स्थिति बन गई।

# भगवान देवनारायण की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का श्रीगणेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर के देवनारायण कॉलोनी स्थित प्रसिद्ध देवनारायण मंदिर पर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का पांच दिवसीय आयोजन शुरू हुआ। गुर्जर समाज द्वारा आयोजित प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में प्रथम दिवस पंचकुण्डात्मक श्री विष्णु यज्ञ के साथ शनिवार को श्री गणपति पूजन , ग्राम देवता पूजन , हैमाद्री दशविधि स्नान ,मंडप प्रवेश उपरांत नगर के विभिन्न मार्गों से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा कि शुरुआत भगवान देवनारायण मंदिर से प्रारंभ हुई जो कि नगर के जमाई कॉलोनी , किशनगढ़ मोहल्ला , बुधवारिया बाजार होते हुए मंदिर पहुंची। कलश शोभा यात्रा में महिलाओं ने बड़ी संख्या में कलश धारण कर रखें थे। जिसमें गुर्जर समाज बंधुओ सहित अन्य भगवान देवनारायण भक्त शामिल हुए। आयोजक गुर्जर समाज द्वारा भगवान देवनारायण मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का यह आयोजन रखा गया जिसमें 23 अप्रैल 2026 को प्राण प्रतिष्ठा एवं पूर्णाहुति तथा दोपहर पश्चात महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

# परशुराम जयंती पर निकला चल समारोह बैंड-बाजों की गूंज के साथ निकली यात्रा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

परशुराम जन्मोत्सव एवं अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर सारंगपुर नगर में सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा भव्य चल समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व समाज अध्यक्ष आशुतोष वैध ने किया। इस अवसर पर भगवान परशुराम की आकर्षक झांकी सजाई गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन, महिलाएं और बच्चे उत्साहपूर्वक शामिल हुए। चल समारोह की शुरुआत पंडितवाड़ी स्थित श्री राम मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद बैंड-बाजों और जयकारों के बीच शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से निकली। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर चल समारोह का स्वागत किया गया, जिससे माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। प्रतिभागियों ने केसरिया दुपट्टे धारण कर भगवान परशुराम के जयघोष लगाए, जिससे नगर में धार्मिक उत्साह का वातावरण बना रहा।

चल समारोह का समापन परशुराम चौराहा पर किया गया, जहां भगवान परशुराम की महाआरती की गई। इसके पश्चात सभी श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया। आयोजन के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पंकज ललित पालीवाल,हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला सहित समाज के वरिष्ठजन, युवा वर्ग और महिलाएं बढ़-चढ़कर शामिल हुए। समाज अध्यक्ष आशुतोष वैध ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन समाज में एकता, संस्कार और धार्मिक चेतना को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने सभी समाजजनों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को और भव्य रूप से आयोजित करने की बात कही।

अक्षय तृतीया के शुभ मुहूर्त में आयोजित हुआ विवाह सम्मेलन

# सिलोदा में 38वां सामूहिक विवाह सम्मेलन, 23 जोड़े बने जीवनसाथी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल

ग्राम सिलोदा में राजपूत समाज प्रगति मंडल द्वारा 38वें सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें 23 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। यह आयोजन अक्षय तृतीया के अवसर पर संपन्न हुआ, जिसने पूरे क्षेत्र को उत्सवमय बना दिया।

केंद्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष मिश्रीलाल सिंह सिसोदिया ने बताया कि सम्मेलन में समाज के सभी वर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समाजजनों ने बढ़-चढ़कर कन्यादान कर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही, जिससे आयोजन की भव्यता और बढ़ गई। सम्मेलन समिति के अध्यक्ष लाड़सिंह सिसोदिया ने जानकारी दी कि विवाह समारोह पंडित मुकेश व्यास, भगवानस्वरूप शर्मा एवं पंडित सचिन शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न कराया गया।



विवाह की शुरुआत पारंपरिक रीति-रिवाजों के तहत दूल्हों द्वारा तोरण लगाकर पांडाल में प्रवेश से हुई, जिसके बाद सभी जोड़ों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच एक-दूसरे को जीवनसाथी के रूप में स्वीकार किया। इस सामूहिक विवाह सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज के आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद परिवारों को विवाह जैसे बड़े खर्च से राहत प्रदान करना है। कार्यक्रम के दौरान समाज के वरिष्ठजनों ने विचार व्यक्त करते हुए नवविवाहित जोड़ों को सुखद और सफल वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं।



## वृक्षों पर सकोरे बांध विद्यार्थियों को समझाया उनका महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो चुका है। आमजनों, राहगीरों, यात्रियों की प्यास बुझाने प्रशासन, निकायों, स्वयंसेवी संगठनों द्वारा जहां स्थान-स्थान पर प्याऊ, वाटर कूलर आदि स्थापित करवाए गए हैं, वहीं विभिन्न स्कूलों में पक्षियों के लिए सकोरे (जलपात्र) रखने की पहल भी की जा रही है। इसी कड़ी में समीपस्थ प्राथमिक विद्यालय कराड़िया परिसर स्थित वृक्षों व अन्य स्थानों पर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा पक्षियों के पानी पीने हेतु सकोरे बांधे गए। इस दौरान स्कूल प्रभारी देवेंद्र जाधव एवं शिक्षिका श्रीमती सोनी द्वारा बच्चों को सकोरें बांधने का महत्व समझाया गया। बच्चों को बताया गया कि इंसान तो किसी तरह अपने लिए पीने के पानी की व्यवस्था कर लेते हैं लेकिन प्यास के कारण बेजुबान पक्षियों की मौत हो जाती है। ऐसे में इन निरीह पक्षियों को बचाने आप सभी बच्चे भी अपने-अपने घरों की छत व अनुकूल स्थानों पर पक्षियों के सकोरे रखें ताकि बेजुबान प्यास से न मरें।

विधायक यादव ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर शुरू करवाया फाइनल

# आहिल एवेंजर ने अपने नाम किया आईपीएल राजगढ़ का खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

आईपीएल की तर्ज पर मुख्यालय स्थित स्टेडियम में चल रहे 13 दिवसीय टूर्नामेंट का शनिवार रात्रि रोमांचक फाइनल मुकाबले के साथ समापन हो गया। अंतिम दिन आहिल एवेंजर और विजय रॉयल के बीच हुए खिताबी मैच में आहिल एवेंजर ने जीत दर्ज करते हुए खिताब पर कब्जा जमा लिया।

देर रात्रि करीब 1 बजे तक चले मैच के उपरांत विजेता आहिल एवेंजर को बतौर इनाम 71 हजार रुपए एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। वहीं उप-विजेता विजय रॉयल को 40 हजार रुपए एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। इस टूर्नामेंट में 10 टीमों ने हिस्सा लिया था जिन्होंने 13 दिनों तक चले टूर्नामेंट में बेहतरीन क्रिकेट का परिचय दिया। फाइनल मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए विजय रॉयल ने 61 रन



बनाए। लक्ष्य का आसान पीछा कर रही आहिल एवेंजर के सामने विजय रॉयल के गेंदबाज गोविंद प्रजापति ने एक ओवर में चार विकेट लेकर मैच को रोमांचक मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया। अंतिम ओवर तक चले संघर्ष उपरांत अंततः आहिल एवेंजर ने जीत दर्ज की। प्रतियोगिता के दोनों नकद पुरस्कार सरोश हाशमी द्वारा प्रदान किए गए।

### सभी के सहयोग से संपन्न हुआ टूर्नामेंट

आयोजन समिति अध्यक्ष अनिल जैन ने बताया कि 'मैन ऑफ द सीरीज' का पुरस्कार हर्षांत इंगले द्वारा आहिल एवेंजर के मनीष को प्रदान किया गया। बेस्ट बल्लेबाज का पुरस्कार गोविंद प्रजापति (ब्यावरा), बेस्ट फील्डर बाबू सिसोदिया (कड़िया), बेस्ट बल्लेबाज मनीष डाकलानिया को प्रदान किया गया। बेस्ट कमेंट्री के लिए शेरू पठान (चाचौड़ा) एवं बेस्ट अंपायरिंग का सम्मान ग्वालियर के गौरव कलोसिया को मिला। टूर्नामेंट को सफल बनाने में विधायक अमर सिंह यादव, नपाध्यक्ष विनोद साहू, संरक्षक भानू ठाकुर, आमिर अली, फरीद अंसारी, विनय राणावत, मोहित कारपेंटर, दीपक, विकास प्रजापति, रमन पीपलोटिया, संदीप यादव सहित अन्य का अहम योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### प्रदेश स्तर पर महासभा का गठन, हरिओम विश्वकर्मा बने प्रदेश मंत्री

**आष्टा।** श्री विश्वकर्मा बढ़ई सुतार महासभा मप्र के प्रदेश स्तर पर गठन के साथ ही संगठन को मजबूती देने की दिशा में नियुक्ति की गई है। महासभा के संस्थापक राजेश विश्वकर्मा की सहमति एवं प्रदेश अध्यक्ष मनोहर विश्वकर्मा (आष्टा) की अनुशंसा पर समाजसेवी हरिओम विश्वकर्मा (आष्टा) को प्रदेश मंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हरिओम विश्वकर्मा वर्तमान में श्री विश्वकर्मा जनसेवा समिति आष्टा के महासचिव के रूप में कार्यरत हैं और लंबे समय से सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। उनकी सेवाओं और समाज के प्रति समर्पण को देखते हुए महासभा ने उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। नवनियुक्त प्रदेश मंत्री हरिओम विश्वकर्मा ने कहा कि मेरे बड़े भ्राता स्व. विनोद विश्वकर्मा ने विश्वकर्मा समाज के लिए आष्टा, सीहोर, भोपाल व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सेवाए प्रदान की थी मैं भी उन्ही के पदचिन्हों पर चलते हुए समाज के उत्थान के लिए निरंतर कार्य करूंगा और विश्वकर्मा समाज को संगठित व सशक्त बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। प्रदेश मंत्री के पद पर नियुक्त होने पर समाज के वरिष्ठजन एवं पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। बधाई देने वालों में हरीश विश्वकर्मा भोपाल, हदेश विश्वकर्मा भोपाल, राकेश विश्वकर्मा सीहोर, संतोश विश्वकर्मा सीहोर, हेमंत विश्वकर्माा सीहोर, सुधीर विश्वकर्मा, मनोहर विश्वकर्मा, प. लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा अध्यक्ष आष्टा, रमेश विश्वकर्मा वेदप्रकाश विश्वकर्मा सहित अन्य ने बधाई दी।

### परशुराम जयंती पर नगर में हुए आयोजन, निकला चल समारोह

# छह जोड़ों का विवाह के साथ दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन, संत हुए शामिल

जयंती पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। मानस भवन परिसर में महिला संगीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम और पुरस्कार वितरण का आयोजन भी हुआ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर में अखंड ब्राह्मण समाज की ओर से रविवार को भगवान परशुराम जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर छह युगल दांपत्य सूत्र में बंधे, जो आयोजन का मुख्य आकर्षण रहा। मालवा के संत गोविंद जाने ने भी कार्यक्रम में पहुंचकर वर-वधू को आशीर्वाद दिया। समाज के अध्यक्ष पं. विनीत त्रिवेदी और महोत्सव प्रभारी पं. मनीष पालीवाल ने बताया कि जयंती के उपलक्ष्य में दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। इसके तहत शनिवार, 18 अप्रैल को मानस भवन परिसर में महिला संगीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम और पुरस्कार वितरण का आयोजन हुआ। इसमें समाज की महिलाओं और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभायात्रा में भगवान परशुराम जी का भव्य चित्र रथ पर और दांपत्य सूत्र में बंधने वाले सभी छह युगल भी शामिल थे। अक्षय तृतीया और भगवान परशुराम जयंती के पावन पर्व पर नगर में उल्लास और श्रद्धा का संगम देखने को मिला। नगरपालिका की ओर से शोभायात्रा में शामिल सभी वर-वधुओं का आत्मीय स्वागत किया गया। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि अक्षय तृतीया का दिन अबूझ मुहूर्त और मांगलिक कार्यों के लिए अत्यंत पवित्र है। सामूहिक विवाह के माध्यम से अखंड ब्राह्मण समाज ने फिजूलखर्ची रोकने के साथ-साथ सामाजिक एकता को भी मजबूत करने का संदेश दिया है।

#### नपा पार्षदों ने किया स्वागत

शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई खंडेलवाल चौराहा पहुंची, जहां नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा शोभायात्रा की अगवानी करते हुए उसमें शामिल अखंड





ब्राह्मण समाज विनीत त्रिवेदी, महोत्सव प्रभारी पार्षद पार्षद रवि शर्मा, सर्वेश उपाध्याय, कन्हैयालाल शर्मा, अतुल शर्मा, दिनेश शर्मा, राजेश शर्मा, मनीष पालीवाल, अभिभाषक



अक्षत पाठक, हरिनारायण शर्मा, संतोष शर्मा, बसंत पाठक सहित संगठन पदाधिकारी एवं मातृशक्तियों का साफा बांधकर स्वागत किया गया।

# अवैध शराब के विरुद्ध आष्टा पुलिस ने की कार्रवाई

### शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में अवैध मादक पदार्थों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना आष्टा चौकी अमलाह पुलिस को सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम लसूड़िया सड़क में दबिश देकर एक आरोपी को अवैध रूप से शराब बेचते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। 18 अप्रैल को थाना आष्टा चौकी अमलाह पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम लसूड़यिा सड़क में *राहुल मेवाड़ा* अपने घर के बाहर अवैध शराब रखकर बेच रहा है। सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस टीम ने गवाहों के साथ मौके पर घेराबंदी की। पुलिस को देखकर आरोपी ने भागने का प्रयास किया, जिसे पुलिस टीम ने मुस्तैदी से पकड़ लिया।

आरोपी के पास शराब रखने या बेचने का कोई वैध लाइसेंस नहीं पाया गया, जिसके फलस्वरूप पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन करते हुए, प्रकरण में 7 वर्ष से कम की सजा का प्रावधान होने के कारण आरोपी को सूचना पत्र जारी कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई में थाना आष्टा चौकी अमलाह के प्र आर देवराज वर्मा व उनकी टीम की सराहनीय भूमिका रही।

# बैठक में निर्णय- राम मंदिर का होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

श्री राम मंदिर समिति द्वारा बैठक आहूत की गई। जिसमें मंदिर निर्माण को लेकर विचार विमर्श किया गया। 1 मई के शुभ मुहूर्त में देव उत्थापन अर्चन हवन पूजन पूरे विधि विधान से किया जाएगा उसके बाद भगवान की प्रतिमाओं को गोपाल प्रसाद जी ताम्रकार के बुधवारा स्थित नवीन भवन में अस्थायी रूप से विराजमान किया जाएगा। नवीन समिति द्वारा विगत माह के आय व्यय को प्रस्तुत किया गया।

बैठक में सभी वरिष्ठ जनों द्वारा अपने अपने विचार रखे गए बैठक की अध्यक्षता प्रेमनारायण शर्मा द्वारा की गई व मुख्यरूप से हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष नारायण भुरू मुकाती व समाज के वरिष्ठ जन हरिनारायण शर्मा, शेषनारायण मुकाती, राजीव गुप्ता, कल्लू ताम्रकार, मनोहर साहू,दिनेश सोनी, गोपाल प्रसाद ताम्रकार, बसन्त सुराणा, विजय टेलर, राहुल सुराणा, राजकुमार मुकाती, प्रवीण ताम्रकार, वरुण ताम्रकार, मुकेश ताम्रकार, विनोद जसाठी, सुधीर जोशी, राम ताम्रकार, पुनीत ताम्रकार, मनीष धारवा, प्रसून ताम्रकार, सन्तोष ताम्रकार सहित अनेक लोग उपस्थित थे। अंत में राम मंदिर समिति के अध्यक्ष गोविंद सोनी ने सभी का आभार माना।

# आधुनिक खेती: अश्वगंधा की खेती से किसान कम लागत और कम पानी से ले रहे अधिक मुनाफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्यप्रदेश का सीहोर जिला वर्तमान में अश्वगंधा आधारित औषधीय खेती के एक संगठित और उभरते हुए क्लस्टर के रूप में स्थापित हो रहा है। सीमित जल संसाधन, पारंपरिक फसलों में घटती लाभप्रदता तथा बढ़ती उत्पादन लागत की पृष्ठभूमि में किसानों ने एक व्यावहारिक और टिकाऊ विकल्प के रूप में अश्वगंधा की खेती को अपनाया है। इस परिवर्तन में आईटीसी चौपाल सागर का संरचित फील्ड सपोर्ट और तकनीकी मार्गदर्शन अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। किसानों को उन्नत किस्मों वैज्ञानिक खेती पद्धतियों तथा बाजार उन्मुख उत्पादन प्रणाली से जोड़कर इस मॉडल को प्रभावी रूप से विकसित किया गया है।

#### इन किसानों ने शुरू की खेती

इछावर तहसील के ग्राम झालकी के किसान देवेंद्र पालीवाल ने आईटीसी चौपाल सागर के माध्यम से अश्वगंधा की खेती प्रारंभ की। प्रारंभ में इसे परीक्षण स्तर पर अपनाया गया, जिसके बाद बेहतर परिणामों के चलते इसे प्रमुख फसल के रूप में शामिल किया। किसान श्री पालीवाल ने बताया कि यह फसल कम जोखिम वाली है। जल उपयोग दक्षता अधिक है तथा बाजार में स्थिर मांग



के कारण आय में निरंतरता बनी रहती है। श्यामपुर तहसील के ग्राम गुलखेड़ी के किसान महेश मालवीय ने भी आईटीसी चौपाल सागर के सहयोग और मार्गदर्शन में अश्वगंधा की खेती अपनाई। उन्नत बीजों एवं वैज्ञानिक पद्धतियों के प्रयोग से जड़ों की गुणवत्ता में सुधार हुआ है तथा बेहतर विपणन के कारण उचित मूल्य प्राप्त हो रहा है। ग्राम शेखपुरा के किसान विनोद विश्वकर्मा ने भी दो साल पहले पांच एकड़ में अश्वगंधा की खेती प्रारंभ की थी। उनके अनुसार उन्नत किस्मों और वैज्ञानिक पद्धतियों के कारण उत्पादन में स्थिरता आई है। यह फसल कम पानी में सफल होती है तथा कीटनाशक की आवश्यकता न होने से लागत में कमी आती है और लाभ बढ़ता है।

#### किसानों को दे रहे मार्गदर्शन

आईटीसी चौपाल सागर के माध्यम से समय-समय पर किसानों को नियमित फील्ड मार्गदर्शन और निगरानी के साथ पारदर्शी विपणन व्यवस्था एवं बाजार से जुड़ाव, उन्नत किस्मों और वैज्ञानिक तकनीकों का प्रसार किया जा रहा है। साथ ही आईटीसी के वरिष्ट वैज्ञानिक डॉक्टर नागेंद्र मिश्रा भी किसानों को समय-समय पर तकनीकी प्रशिक्षण व फील्ड मार्गदर्शन भी दे रहे है। जिससे जिले के किसान अब अश्वगंधा की खेती में अपनी रुचि दिखा रहे है।

# शोभायात्रा का नगरपालिका ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

अक्षय तृतीया एवं भगवान श्री परशुराम जयंती के पावन पर्व पर नगर में उल्लास और श्रद्धा का संगम देखने को मिला। इस अवसर पर अखंड ब्राह्मण समाज द्वारा सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी शुरुआत श्री मानस भवन से विशाल शोभायात्रा के साथ हुई। श्री मानस भवन से शुरू हुई यह शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से गौरवमयी ढंग से निकाली गई। शोभायात्रा में भगवान परशुराम के जयघोष से पूरा वातावरण धर्ममय हो गया। इसमें बड़ी संख्या में विप्र बंधु, समाज के वरिष्ठ जन और सामूहिक विवाह बंधन में बंधने जा रहे वर-वधू शामिल हुए। पारंपरिक वेशभूषा में सजे समाजजन और बैंड-बाजों की धुन ने यात्रा को और भी आकर्षक बना दिया। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई खंडेलवाल चौराहा पहुंची, जहां नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा शोभायात्रा की अगवानी करते हुए उसमें शामिल अखंड ब्राह्मण समाज विनीत त्रिवेदी, महोत्सव



प्रभारी पार्षद पार्षद रवि शर्मा, सर्वेश उपाध्याय, कन्हैयालाल शर्मा, अतुल शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार दिनेश शर्मा, राजेश शर्मा, मनीष पालीवाल, युवा पत्रकार एवं अभिभाषक अक्षत पाठक, हरिनारायण शर्मा, संतोष शर्मा, बसंत पाठक सहित संगठन पदाधिकारी एवं मातृशक्तियों का साफा बांधकर स्वागत किया गया।

वहीं नगरपालिका की ओर से परंपरा और सम्मान का निर्वाह करते हुए शोभायात्रा में शामिल सभी वर-वधुओं का आत्मीय स्वागत किया। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कही कि अक्षय तृतीया का दिन अबूझ मुहूर्त और मांगलिक कार्यों के लिए अत्यंत पवित्र है। सामूहिक विवाह के माध्यम से अखंड ब्राह्मण समाज ने न केवल फिजूलखर्ची रोकने का संदेश दिया है, बल्कि सामाजिक एकता को भी मजबूत किया है। इस अवसर पर पूर्व मार्केटिंग अध्यक्ष कृपालसिंह पटाड़ा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रूपेश राठौर, पार्षद तारा कटारिया, डॉ. सलीम खान, तेजपाल कल्लू मुकाती आदि मौजूद थे।

### कलश यात्रा के साथ आरंभ हुआ प्राण-प्रतिष्ठा समारोह

**भौरासा।** श्री रुद्र यज्ञ, श्री राम कथा एवं शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन रविवार से ग्राम पंचायत काकड़दा में आरंभ हुआ। कार्यक्रम से पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई। ग्राम पंचायत काकड़दा में संस्था प्रहलाद श्री एवं ग्रामवासियों के सहयोग से यह आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में धर्मेंद्र पुरी महाराज महामंडलेश्वर जूना अखाड़ा केवड़ेश्वर आश्रम ओंकारेश्वर एवं जूना खड़ा उज्जैन व महंत श्री अभिराम दास काटकूट आश्रम बड़वाह, ज्योतिष आचार्य पुरुषोत्तम भार्गव महाराज इंदौर, हनुमान भक्त संत बाबूलाल महाराज ग्राम भलाई कला, संत सत्येंद्र शर्मा राधा धाम आश्रम देवास, संत इंदर सिंह नागर की उपस्थिति रहेगी। पांच दिवसीय प्रतिदिन श्री राम कथा हवन यज्ञ पूजन का आयोजन यज्ञ आचार्य पंडित विजेंद्र द्विवेदी एवं कथा वाचक पूज्य श्री राम जाने ताजपुर उज्जैन वाले के मुखाबिंद से प्रतिदिन संपन्न होगी। यज्ञ से पूर्व स्व. प्रह्लाद सिह नागर स्मृति द्वार का लोकार्पण भी मुख्य अतिथि संतों द्वारा किया गया। आयोजन डॉ. रूप सिंह नागर अध्यक्ष संस्था प्रहलाद श्री एवं सुमेर सिंह नागर संयुक्त सचिव संस्था प्रहलाद श्री एवं सरपंच ग्राम पंचायत काकडदा के सहयोग से किया जा रहा है।

**कमलापुर शासकीय स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट अंक किए हासिल:** बागली। शासकीय पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कमलापुर ने इस वर्ष कक्षा 10वी एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्ट अंक हासिल किए। कक्षा दसवीं में छात्रा ऋषिका प्रजापति ने 95% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

# एक-दूसरे की बात पर भरोसा करना चाहिए : प्रज्ञा भारती



**सीहोर।** शहर के जयंती कालोनी में श्री हनुमान मंदिर समिति के तत्वावधान में आयोजित प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान आयोजित 21 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ में दो दर्जन यजमानों ने सपत्नीक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां दी। सोमवार को यज्ञ संचालक श्री-श्री 1008 दुर्गा प्रसाद कटारे बाबा के सानिध्य में देव स्थापना, अग्नि स्थापना, हवन, अन्नाधिवास एवं मानस सम्मेलन का आयोजन किया गया। वहीं सप्त दिवसीय श्रीराम कथा के दूसरे दिन कथा व्यास राष्ट्रीय राम कथा व्यास मानस कोकिला महंत डॉ. प्रज्ञा भारती ने भगवान शिव और सती और यज्ञ के महत्व का वर्णन किया। सोमवार को श्रीराम कथा के दूसरे दिन कथा व्यास महंत डॉ. प्रज्ञा भारती ने कहाकि वैवाहिक जीवन में पति-पत्नी को एक-दूसरे की बात पर भरोसा करना चाहिए। अगर इस रिश्ते में अविश्वास आता है तो रिश्ते बिगड़ सकते हैं। शिव और सती का एक प्रसंग है। शिव और सती, ऋषि के आश्रम में रामकथा सुनने गए। सती को ये बात थोड़ी अजीब लगी कि श्रीराम शिव के आराध्य देव हैं। सती का ध्यान कथा में नहीं रहा और वह यह सोचतीं रहीं कि शिव जो तीनों लोकों के स्वामी हैं, वे श्रीराम की कथा सुनने के लिए क्यों आए हैं, कथा समाप्त हुई और शिव-सती वापस कैलाश पर्वत लौटने लगे। उस समय रावण ने सीता का हरण किया था। श्रीराम सीता की खोज में भटक रहे थे। देवी सती को ये देखकर आश्चर्य हुआ कि शिव जिसे अपना आराध्य कहते हैं, वह एक स्त्री के वियोग में साधारण इंसान की तरह रो रहा है। सती ने शिवजी के सामने ये बात कही तो शिवजी ने समझाया कि यह सब श्रीराम की लीला है। भ्रम में मत पड़ो, लेकिन सती नहीं मानीं और शिवजी की बात पर विश्वास नहीं किया। सती ने श्रीराम की परीक्षा लेने की बात कही तो शिवजी ने रोका, लेकिन सती पर शिवजी की बात का कोई असर नहीं हुआ। देवी सती सीताजी का रूप धारण करके श्रीराम के सामने पहुंच गईं।

### अमलतास मेडिकल कॉलेज में चार दिवसीय विशेष ट्रेनिंग वर्कशॉप हुआ आयोजित

# लैब डॉक्टर्स व तकनीशियन ने सीखे गुणवत्ता के अंतरराष्ट्रीय मानक





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

अमलतास इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज द्वारा चिकित्सा जांच सेवाओं की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के उद्देश्य से एक विशेष चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह वर्कशॉप 'प्रोग्राम 360 हेल्प' (हेल्थ एजुकेशन एंड लर्निंग प्रोटोकॉल) के अंतर्गत 360 डायग्नोस्टिक एंड हेल्थ सर्विसेज के सहयोग से आयोजित की गई। 15 अप्रैल से प्रारंभ हुई इस कार्यशाला का मुख्य फोकस ISO 15189:2022 मानकों पर रहा। इसका उद्देश्य लैबोरेट्री डॉक्टर्स और तकनीशियनों को अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली और नवीनतम प्रोटोकॉल की जानकारी देकर जांच रिपोर्ट्स की सटीकता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करना है। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. जतिंदर भाटिया ने प्रतिभागियों को संबोधित किया। उन्होंने क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम, आईएसओ और एनएबीएल मानकों के महत्व और उनके व्यावहारिक उपयोग पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ. भाटिया फिक्की, ब्रिक्स और क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं से जुड़ी हुई हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अमलतास मेडिकल कॉलेज के अलावा एमजीएम मेडिकल कॉलेज इंदौर, मेडिकल कॉलेज खंडवा और इंडेक्स मेडिकल कॉलेज इंदौर के प्रतिभागियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में बायोकेमिस्ट्री विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शेख मोहम्मद खालिक (ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन) की प्रमुख भूमिका रही। उनके साथ पैथोलॉजी विभाग की एचओडी डॉ. ममता गुप्ता (ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी) और डॉ. अभिराज रामचंद्रानी ने समन्वय के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष सुरेश सिंह भदौरिया, अध्यक्ष मयंकराज सिंह भदौरिया, डीन डॉ. ए.के. पिठवा, प्रो-चांसलर डॉ. सलिल भार्गव, रजिस्ट्रार डॉ. अभय गुप्ता और सीओओ डॉ. जगत रावत सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। अमलतास ग्रुप के चेयरमैन मयंकराज सिंह भदौरिया ने कहा कि मरीजों के हित और चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए इस तरह की राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कार्यशालाओं का आयोजन आगे भी जारी रहेगा।